>

Title: The Speaker appealed to the Members to maintain dignity of the House.

**माननीय अध्यक्ष :** आइटम नम्बर 17 – संविधान (एक सौ सत्ताईसवां संशोधन) विधेयक, 2021.

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, आप संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा करना चाहते हैं या नहीं करना चाहते हैं? मैं आपसे फिर एक बार बोल रहा हूं । आप संविधान संशोधन विधेयक पर, ओबीसी विधेयक पर चर्चा करना चाहते हैं या नहीं करना चाहते हैं? आप ओबीसी विधेयक पर भी चर्चा नहीं करना चाहते, आपका यह तरीका ठीक नहीं है । आप न दलित पर चर्चा करें, न ओबीसी पर चर्चा करें, न जनजाति पर चर्चा करें । क्या आपको सदन में नारेबाजी करने के लिए भेजा गया है? अगर चर्चा करनी है तो आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर विराजें ।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सदन में चर्चा नहीं करना चाहते । कल आदिवासी दिवस था, पूरे विश्व में आदिवासी दिवस मनाया गया । जनजाति समुदाय के आर्थिक-सामाजिक विकास में भारत की यात्रा पर आपको चर्चा करनी चाहिए । आप अपनी सीट्स पर बैठिए ।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप बैठ जाइये, मैंने आपको इजाजत नहीं दी है ।

… (व्यवधान)

**12.08 hrs**

*At this stage Shri T.N. Prathapan, Sushri Mahua Moitra, Shrimati Harsimrat Kaur Badal and some other hon. Members went back to their seats.*

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी ।